सांध्य दैनिक
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 9 अंक : 158 इंदौर, शनिवार 16 दिसंबर, 2023 पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

**Headline**

1. क्या फिर आएगी कोरोना की लहर?: चीन में मिले सबवैरिएंट JN.1. के सात मामले, जानें कितना घातक?
2. 'बेटा निर्दोष, हम कोर्ट जाएंगे': संसद हंगामे के मास्टरमाइंड की मां बोलीं- ललित ने कभी कोई गलत हरकत नहीं की थी

# 'लाड़ली बहना' पर गरमाई राजनीति
## योजना का लाभ छोड़ने का आदेश, बाद में निरस्त

### कांग्रेस बोली- छंटनी शुरू, बीजेपी ने कहा- हर तरह का भ्रम दूर हो चुका



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सागर। सागर में लाड़ली बहना योजना का लाभ छोडऩे के आदेश पर राजनीति गरमा गई है। मामले ने तूल पकड़ा तो 11वें दिन यह आदेश निरस्त करना पड़ा। कांग्रेस ने इसे मुद्दा बनाते हुए नई सरकार को घेर लिया है। एमपी कांग्रेस के एक्स हैंडल से लिखा गया, लाड़ली बहना योजना में छंटनी शुरू। धीरे-धीरे सरकार योजना बंद करने की तैयारी में, लाड़ली से ठगी आने लगी सामने, हे सरकार! बंद करो ठगी का कारोबार। लाड़ली बहना का लाभ छोडऩे के आदेश की कॉपी शुक्रवार को सामने आई। आदेश 4 दिसंबर का है। आदेश परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास (सागर ग्रामीण-2) ने जारी किया। इसमें पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और स्व सहायता समूह के अध्यक्ष, सचिव व सदस्य को चेतावनी दी गई है कि अगर शासन की शर्तों के विपरीत लाभ ले रहे हों तो 15 दिन में छोड़ दें। अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार को सागर कलेक्टर के एक्स हैंडल पर इस आदेश को निरस्त करने की जानकारी दी गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी (महिला एवं बाल विकास) की ओर से जारी आदेश में कहा गया कि आदेश तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है।

### भाजपा ने कहा- कांग्रेस विपक्ष में रहकर काम करने के लिए खुद को तैयार करें

भाजपा के प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल का कहना है कि अगर किसी निचले अधिकारी ने गलत आदेश किया और शासन से निर्देश जारी न होने के कारण उससे वरिष्ठ अधिकारी ने आदेश को निरस्त कर हर तरह का भ्रम दूर कर दिया है तो फिर इस तरह के मामले में किसी तरह के बयान की जरूरत नहीं होती है। कांग्रेस सब्र करे और विपक्ष में रहकर काम करने के लिए खुद की भूमिका को तैयार करे।

### कांग्रेस ने कहा - षड्यंत्र और साजिश से बचें मोहन यादव

कांग्रेस के प्रवक्ता सैयद जाफर ने लिखा, मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कांग्रेस की सलाह को माना और अपने खिलाफ हो रही साजिश को पहचाना। लाड़ली बहनाओं को सरकारी योजना से वंचित करने का आदेश रद्द करने के लिए आपका शुक्रिया। साफ है कि ष्टरू की इमेज बिगाडऩे वाले लोग सिस्टम में सक्रिय हैं। विशेष गिरोह पुरानी सरकार को बेहतर, मोहन यादव को पैराशूट सीएम बताने का षडय़ंत्र कर रहा है। शिवराज की बेदखली के बाद महिलाओं के मोहन यादव से नाराजगी की साजिश भाजपा और सरकार का कौन सा गुट जारी कर रहा। इसलिए आपको सलाह देने का फर्ज भी है कि सिस्टम और भाजपा में ही बैठे षडय़ंत्रकारियों से बचें।

### योजना निश्चित तौर पर चलेगी-शिवराज सिंह चौहान

गुरुवार को विदिशा पहुंचे पूर्व सीएम शिवराज सिंह ने कहा था- लाड़ली बहना के बाद लखपति बहना का सफर तय करना है। उसके लिए मैं लगातार काम करता रहूंगा। मुख्यमंत्री नहीं हूं, फिर भी मैं आपके साथ खड़ा रहूंगा। आपके पीछे खड़ा रहूंगा। तुम्हारा भाई तुम्हारे लिए सब करने में सक्षम है। लाड़ली बहना योजना के आगे चलने के सवाल पर उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना जैसी योजना, जिसने बहनों की किस्मत बदली, वह निश्चित तौर पर चलेगी।

### आदेश नया नहीं, लेकिन परियोजना अधिकारी ने अस्पष्ट आदेश जारी किया

महिला बाल विकास अधिकारी ब्रजेश त्रिपाठी का कहना है कि लाड़ली बहना के पोर्टल में पहले से ही है कि जो भी लाभ छोडऩा चाहते हैं, छोड़ सकते हैं। इसी के संदर्भ में परियोजना अधिकारी ने आदेश जारी किया। लेकिन, यह आदेश अस्पष्ट था, इसीलिए इसे निरस्त करना पड़ा। दरअसल, परियोजना अधिकारी को आदेश में पोर्टल की जानकारी देना था कि जो पहले से व्यवस्थाएं हैं, उसके तहत यह व्यवस्था की जा रही है। कोई नई व्यवस्था नहीं है, न ही कोई नया निर्देश है। जो अपात्र है, वो इसे छोड़ सकता है।

# गाय के दूध के नाम पर देश में बढ़ रहा सिंथेटिक दूध का जहरीला कारोबार

◆ अहिल्या माता गोशाला की मेजबानी में आरएसएस के गो सेवा प्रशिक्षण प्रमुख के.ई.एन. राघवन ने दी महत्वपूर्ण जानकारियां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। देश में गो दुग्ध की बढ़ती मांग के कारण अब कृत्रिम या सिंथेटिक दूध का कारोबार फल-फूल रहा है। पहले उत्तर भारत के राज्यों और शहरों में ही इस नकली दूध की बिक्री हो रही थी, लेकिन अब दक्षिण भारत के कर्नाटक एवं आंध्रप्रदेश जैसे राज्यों में भी सिंथेटिक दूध खपाया जाने लगा है। शुद्ध और सिंथेटिक दूध के दाम में भारी अंतर होने के कारण भी यह जानलेवा कारोबार तेजी से पूरे देश में फल-फूल रहा है। सिंथेटिक दूध के कारण अनेक गंभीर बीमारियां भी हो रही हैं। दूध के नाम पर जहर की बिक्री की इस प्रवृत्ति से आम लोगों को सजग रहने की जरूरत है।**

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अ.भा. गो सेवा प्रशिक्षण प्रमुख के.ई.एन. राघवन ने आज अहिल्या माता गोशाला, जीव दया मंडल, संस्था गो अमृत एवं जयश्री कामधेनु के संयुक्त तत्वावधान में खेल प्रशाल स्थित लाभ मंडपम सभागृह में आयोजित द्य गाय के दूध से सावधान विषयक संगोष्ठी में ऐसी अनेक बातें बताई। राघवन ने कहा कि देश में गाय का दूध हजारों वर्षों से प्रयुक्त किया जा रहा है। आज बाजार में जो दूध हमें मिल रहा है उसमें कई तरह की मिलावट हो रही है। गाय के दूध में भेड़, बकरी और ऊंटनी के दूध की मिलावट हो रही है। इस मिलावट को आसानी से पहचानना संभव नहीं है। इस कारण ग्राहकों को शुद्ध और अच्छे दूध की पहचान करना मुश्किल हो जाता है। लेक्ट्रो मीटर की जांच में भी ऐसा दूध शुद्ध करार दिया जाता है। गाय के दूध में जो मिलावट की जा रही है, उसमें सबसे खतरनाक सिंथेटिक दूध है। उन्होंने स्लाइड शो के माध्यम से बताया कि बाजार में देशी और विदेशी गाय के अलावा संकरित दूध भी मिल रहा है।




### दूध में भी ए-वन और ए-टू

इन दिनों दुनिया में दूध के लिए ए- वन और ए-टू श्रेणी बना दी गई है। यूरोपीय देश ए-वन दूध अपना बता रहे हैं और ए-टू दूध भारत का। वास्तव में भारतीय लोगों के पास इस दूध को परखने या जांचने की कोई व्यवस्था ही नहीं है, जिससे वह पता लगा सके कि असली और नकली दूध में क्या अंतर है। गाय के दूध का उल्लेख वेदों, महाभारत एवं अन्य धर्मग्रंथों में भी किया गया है। कौटिल्य अर्थ शास्त्र में भी गाय और भैंस के दूध की फेट्स की मात्रा का वर्णन किया गया है। वेद में तो यह भी कहा गया है कि गाय के दूध में मिलावट करना भी हत्या के अपराध जैसा है। इसके बावजूद लोभी प्रवृत्ति के लोग गाय के दूध के नाम पर मिलावट का गौरख धंधा चलाए हुए हैं।

उन्होंने तथ्यात्मक जानकारी देते हुए बताया कि देशी गाय का दूध ही सर्वश्रेष्ठ है। श्रेष्ठ गुणवत्ता वाले और कृत्रिम दूध में अंतर को भी उन्होंने रेखांकित किया। संगोष्ठी में मौजूद लोगों ने उनसे अनेक प्रश्न भी पूछे और उनका समाधान भी प्राप्त किया। उन्होंने स्लाईड शो के माध्यम से प्रभावी ढंग से अपनी बात रखी और श्रेष्ठ गुणवत्ता वाले तथा कृत्रिम दूध के बीच अंतर को रेखांकित करते हुए स्पष्ट कहा कि कृत्रिम दूध धीमे जहर की तरह काम करता है। हम दुनिया में देशी गाय के दूध के सबसे बड़े या नंबर वन उत्पादक हैं फिर भी इतनी बीमारियां क्यों बढ़ रही है, इस खतरे से समाज को बचने और बचाने की जरूरत है। प्रारंभ में अहिल्या माता गोशाला की ओर से अध्यक्ष रवि सेठी, राजेश गुप्ता, सी.के. अग्रवाल, पुष्पेन्द्र धनोतिया, राकेश पोरवाल, पुष्यमित्र पांडे एवं निक्की सुरेका आदि ने राघवन का स्वागत किया। संगोष्ठी में शहर के अनेक दूध विक्रेता, गोशाला संचालक एवं उपभोक्ता संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## छप्पन दुकान पहुंचे ब्रिटिश हाई कमिश्नर एलेक्स एलिस

इंदौर। इंदौर प्रवास पर पधारे ब्रिटिश हाई कमिश्नर एलेक्स एलिस छप्पन दुकान पहुंचे। यहां वह पोहे खाते नजर आए। दुकानदारों से बातचीत करते हुए उनके साथ फोटो खिंचवाई और अपने एक्स अकाउंट पर तस्वीरें साझा करते हुए लिखा- 'भयंकर स्वादिष्ट नाश्ता। मजा आरिया है। इससे पहले ब्रिटिश हाई कमिश्नर एलेक्स एलिस ने इंदौर के स्वच्छता मॉडल की भी प्रशंसा की। शहर के विकास से जुड़े विषयों के साथ-साथ ऐडमिनिस्ट्रेटिव एक्सचेंज प्रोग्राम, इंदौर में इलेक्ट्रिक व्हीकल के लिए ब्रिटेन द्वारा सहयोग प्रदान करने, जलवायु परिवर्तन सहित कई विषयों पर नगर निगम महापौर पुष्यमित्र भार्गव से चर्चा की थी।

कटाक्ष




## एनआरआइ समिट कल से

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर एक बार फिर विदेश में बसे इंदौरियों का स्वागत करने जा रहा है। नगर निगम और इंदौर एनआरआइआर फोरम द्वारा 17 दिसंबर को एनआरआइ समिट का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 40 देशों में बसे 250 से ज्यादा इंदौरी शामिल होंगे।**

ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में दो सत्रों में आयोजित होने वाले इस आयोजन में इस बात पर चर्चा होगी कि विदेश में बसे इंदौरी इंदौर के लिए क्या कर सकते हैं और इंदौर से उनकी क्या अपेक्षा है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव विदेश में बसे इन इंदौरियों को विश्राम बाग में पोहा पार्टी भी देंगे। इंदौरी इस अवसर पर यहां तैयार अयोध्या राम मंदिर की प्रतिकृति के दर्शन भी करेंगे।

गुरुवार को मीडिया से चर्चा में महापौर ने बताया कि एक विश्लेषण के मुताबिक 68 बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों में इंदौरी लोग महत्वपूर्ण भूमिका में हैं और इंदौर के लिए बहुत कुछ करना चाहते हैं। आयोजन में शामिल होने वाले इंदौरी शहर से जुड़ी समस्याओं के निराकरण व शहर हित में किस तरह अपना योगदान दे सकते हैं। इस संबंध में अपने सुझाव व सहयोग के बारे में जानकारी देंगे।

### 40 देशों के 200 लोग आएंगे

इसके अलावा विदेश में रह रहे एनआरआइ के परिवार के सदस्य जो इंदौर में रह रहे हैं, उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए इंदौरवासी किस तरह सहयोग दे सकते है। इस पर भी चर्चा होगी। इस मौके पर अप्रवासी भारतीयों की सुविधा के लिए एक वेबसाइट भी लांच की जाएगी। महापौर 40 देशों के अप्रवासी इंदौरी लोगों से आनलाइन और लगभग 200 लोगों से प्रत्यक्ष चर्चा करेंगे। इनमें अमेरिका, इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, मलेशिया, यूएई, बहरीन, जापान, आयरलैंड, जर्मनी, स्वीडन के साथ ही अफ्रीकी देशों से अप्रवासी इंदौरी कार्यक्रम में आनलाइन या आफलाइन जुड़ेंगे।

## जमीन अधिग्रहण के विरोध में इंदौर और देवास जिले के किसान

### 26 दिसंबर को करेंगे महापंचायत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पश्चिम रिंग रोड बनाने के लिए इंदौर जिले में किसानों की जमीन अधिग्रहित की जाना है। किसान जमीन अधिग्रहण का विरोध कर रहे हैं। किसानों की मांग है कि बाजार भाव से दोगुना मुआवजा दिया जाए। एक दिन पहले रोड का सर्वे करने पहुंचे अधिकारियों को किसानों ने खेतों से उल्टे पांव लोटा दिया। वहीं अब किसानों ने इस मामले को लेकर महापंचायत बुलाई है। जमीन अधिग्रहण के विरोध में 26 दिसंबर को इंदौर के सेमलिया चाऊ में महापंचायत होगी।

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) द्वारा पश्चिम रिंग रोड का निर्माण कराया जा रहा है। सड़क निर्माण से पहले सर्वे करने पहुंचे अधिकारियों को किसानों ने एकत्रित होकर वापस लौटा दिया। किसान नेता हंसराज मंडलोई का कहना है कि एनएचएआइ के अधिकारी बगैर सूचना के दल के साथ किसानों के खेतों में मार्किंग के लिए पहुंचे, तो किसानों ने सभी को लौटा दिया। करीब एक दर्जन गांवों के किसानों ने एकत्रित होकर विरोध किया। किसानों का कहना है कि अधिकारी बिना सूचना के खेतों में निशान लगा रहे थे, इसलिए सर्वे करने से रोका गया है।

पश्चिम रिंग रोड और इंदौर-बुधनी रेल लाइन के मुआवजे को लेकर किसान लगातार विरोध कर रहे हैं। अब किसान आर-पार की लड़ाई शुरू करने वाले हैं। इसके लिए 26 दिसंबर को सुबह 11 बजे ग्राम सेमलिया चाऊ में किसानों ने महापंचायत बुलाई है। इसमें इंदौर, देवास जिले के प्रभावित किसान शामिल होंगे।

इंदौर से बुधनी के बीच 198 किमी लंबी रेल लाइन बिछाई जाना है। इसमें तीन जिलों इंदौर, देवास, सिहोर की जमीन आ रही है। इंदौर जिले में 1ड्23 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहित की जाएगी। इसको लेकर भी इंदौर और देवास जिले के किसाना विरोध कर रहे है। यहां भी किसानों को बाजार भाव की अपेक्षा मुआवजा नहीं दिया जा रहा है।

# हत्या का खुलासा, बेटे ही निकले आरोपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पीथमपुर पुलिस को सफलता बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अंधे कत्ल का पर्दाफाश करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि कलयुगी बेटों ने मिलकर पिता की हत्या की थी। पुलिस ने हत्या में शामिल मृतक भोला सोनी के दोनों बेटे दीपक सोनी और सचिन सोनी को गिरफ्तार कर लिया है।**

आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में हत्या कारण बताया कि पिता दारु पीने का आदि था। रोज घर पर मां के साथ गाली-गलौच करने व अत्यधिक कर्ज होने से पिता के होम लोन, पर्सनल लोन और बाइक लोन की इंश्योरेंस क्लेम प्राप्त कर लोन खत्म करने के लिए पिता का कत्ल करना बताया है। फिलहाल पुलिस ने दोनों ही बेटों को पिता के कत्ल के इल्जाम में गिरफ्तार कर लिया है पूछताछ जारी है।

नगर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पीथमपुर के थाना सेक्टर तीन के अंतर्गत 24 नवंबर 2023 को अज्ञात आरोपी ने मृतक को सिर पर पत्थर मारकर व गले मे धारदार हथियार से चोट पहुंचाकर हत्या कर दी थी। घटना से संपूर्ण क्षेत्र मे सनसनी फैल गई थी। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने टीम का गठन किया। पुलिस टीम ने तत्परता पूर्वक कार्य करते हुए तत्काल मृतक की पहचान की, जो की भोला पिता भैय्यालाल सोनी (44) निवासी कंचन विहार कालोनी के रूप में हुई थी।

पुलिस की टीम ने मोबाइल के रिकार्ड, औद्योगिक क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू कर दी। सैकड़ों कैमरे खंगाले पर आरोपी की पहचान मृतक भोला सोनी के बेटों दीपक पिता भोला सोनी निवाली कंचन विहार कालोनी व सचिन सोनी पिता भोला सोनी के रूप में की गई।

जब आरोपी दीपक सोनी व सचिन सोनी को गिरफ्तार किया और पुलिस ने कड़ी पूछताछ की, तो बताया कि पिता दारु पीने का आदि था। रोज घर पर मां के साथ गाली-गलौच करने व अत्यधिक कर्ज होने से पिता के होम लोन, पर्सनल लोन और बाइक लोन की इंश्योरेंस क्लेम प्राप्त कर लोन खत्म करने के लिए पिता का कत्ल करना बताया। हत्या के बाद इलाके में सनसनी फैल गई थी।

## दो पक्षों में विवाद, पथराव किया, 6 लोग घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महू के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मस्जिद चौराहा मोती महल के बीच आपसी रंजिश के चलते एक ही समुदाय के दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से पथराव भी हुआ घटना में 6 लोग घायल हुए हैं।**

मस्जिद चौराहे के पास आमने सामने एक ही समुदाय के परिवार रहते हैं। पहले भी कई बार इन लोगों के बीच गाड़ी खड़ी करने की बात को लेकर विवाद हो चुका है।शुक्रवार को भी एक पक्ष का व्यक्ति पेट्रोल भराने गुजरखेड़ा गया तभी दूसरे पक्ष के लोगो ने घेराव कर युवक के साथ मारपीट कर दी थी। उसके बाद विवाद मस्जिद चौराहे तक जा पहुंचा। यहां दोनों ही ओर से पथराव भी हुआ। घटना में 6 लोग घायल हुए हैं, जिनको सिविल अस्पताल इलाज के लिए भेजा गया है। इधर दुकानों के बाहर गाड़ी खड़ी करने की बात को लेकर भी कई बार विवाद की स्थिति बनी है चुनाव के दौरान भी दोनों पक्षों का विवाद खान कॉलोनी में हुआ था। मामले में कोतवाली पुलिस का कहना है दोनों ही पक्षों की पुरानी रंजिश चलती आ रही है। दो दिन पहले भी इनके विवाद हुए थे अभी घायलों का मेडिकल करवाया जा रहा है दोनों ही पक्ष के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## महिला थाना की संवेदनशीलता, टूटने से बचा एक परिवार

◆ अपने विवाद को खत्म कर हुए प्यार से एक दूसरे के साथ रहने को राजी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पुलिस द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन में शहर में अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था संभालने के साथ ही, अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन भी बखूबी किया जा रहा है।**

इसी कड़ी मे बच्चों की छोटी-छोटी बातों को लेकर हुए विवाद के कारण हुए आपसी मनमुटाव के चलते पिछले 5 माह से एक दूसरे से दूर रह रहे पति- पत्नी का मामला महिला थाना इंदौर में आया। जिस पर महिला थाना प्रभारी प्रीति तिवारी व प्रधान आरक्षक हरविंदर कौर की टीम द्वारा उनसे बातचीत कर काउन्सलिंग की व उनके परिवारजनों को बुलाकर समझाइश दी और सभी को आपस में छोटी-छोटी बातों पर झगड़ा करके अपना घर ना बिगाड़ने की सलाह देकर सभी को राजी खुशी से आपसी सहमति के साथ मिलकर रहने के लिए समझौता कराया। महिला पुलिस टीम की प्यार भरी समझाईश तथा प्रयासों का पति पत्नी पर असर हुआ और उन्होंने अपने विवाद को खत्म कर, आपस मे प्यार से एक दूसरे के साथ रहने का वादा करते हुए, राजी खुशी घर को रवाना हुए।

## युवती की आत्महत्या में मृतका के दोस्त को बनाया आरोपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पीथमपुर थाना सेक्टर तीन में दो दिन पहले कला बाई 19 वर्षीय युवती ने बगदून तालाब में कूद कर आत्महत्या कर ली थी। वहीं कला बाई की छलांग लगाने की सूचना राहगीर ने पुलिस को दी। वहीं इस घटना से संपूर्ण क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया।**

मृतिका कलाबाई के दोस्त राहुल (21) ने कला बाई पर शादी करने का निरंतर दबाव बनाया जा रहा था। शादी करने की बात को लेकर कला बाई को प्रताडित करता था। वहीं 11 दिसंबर को आरोपी ने मारपीट करने व शादी के लिए दबाव बनाने की बात से परेशान होकर कला बाई ने बगदून तालाब में कूदकर आत्महत्या कर ली थी।

जानकारी देते हुए नगर पुलिस अधीक्षक अमित मिश्रा ने बताया कि पीथमपुर थाना प्रभारी राजेंद्र सोनी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया। पुलिस टीम ने तत्परता पूर्वक कार्य करते हुए तत्काल अज्ञात मृतिका की पहचान कला पिता कैलाश भीलाला (19) निवासी खोजकुआं थाना गंधवानी के रूप में की गई थी।

कलाबाई के परिवार के कथन लिए, जिसमें कला बाई के दोस्त राहुल पिता दतिया भील (21) निवासी साडियाल खुर्द तिरला ने मृतिका पर शादी करने का निरंतर दबाव बनाया जा रहा था। शादी करने की बात को लेकर मृतिका को प्रताडित किया जा रहा था।

11 दिसंबर को आरोपी ने मारपीट करने व शादी के लिए दबाव बनाने की बात से परेशान होकर कला बाई ने बगदून तालाब में कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने आरोपी राहुल को गिरफ्तार कर हत्या का मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है।

## पति ने फोड़ दिया सिर

इंदौर। एक महिला का उसके पति ने सिर फोड़ दिया। बताया जाता है कि आरोपी अपने बच्चों को डांट रहा था जब पत्नी ने कारण पूछा तो आरोपी ने उसे पीट दिया। मनीषा दीवान निवासी जगजीवन राम नगर की शिकायत पर एमआईजी पुलिस ने उसके पति दुर्गेश के खिलाफ केस दर्ज किया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि शराब के नशे में बच्चों को डांट रहा था उसने पति को बोला कि बच्चों को क्यों डांट रहे हो। इसी बात को लेकर पति ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर पति ने मारपीट की। अपने हाथ में पहने कडे से सिर पर वार किया। उसके सिर से खून निकलने लगा तो पति ने धमकाया कि आज छोड़ रहा हूं आज के बाद अगर वह बीच में आई तो जान से मार देगा।

## नौकरी दिलवाने के नाम पर 16 लाख की ठगी

आईडी कार्ड तक दिया साथ ही 2 महीने की ट्रेनिंग भी करवा दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पुलिस कॉन्स्टेबल बनवाने और रेलवे में टीसी की नौकरी दिलवाने के नाम पर युवक से 16 लख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने उसे फर्जी नियुक्ति पत्र, आईडी कार्ड तक दे दिया साथ ही 2 महीने की ट्रेनिंग भी करवा दी। मामले में शिकायत पर पुलिस ने दो आरोपियों पर केस दर्ज किया है।**

बेटमा थाना पुलिस के अनुसार फरियादी अनिल पिता प्रेम सिंह परमार उम्र 22 साल है। आरोपी सुमन पिता राघव प्रसाद कुशवाहा उम्र-34 साल निवासी आलोक नगर कनाडिया रोड और अभिजीत साहू निवासी इंदौर हैं। आरोपियों ने युवक के साथ पुलिस कांस्टेबल और रेलवे में टीसी के पद पर नौकरी दिलवाने के नाम पर कुल 15,97,902 रुपए की ठगी कर धोखाधडी की। फरियादी अनिल का फर्जी नियुक्ति पत्र व फर्जी ट्रेनी आइडेंटिटी कार्ड बनाकर दो महीने तक आरोपियों ने ट्रेनिंग भी करवाई। बाद में जब नौकरी नहीं लगी तो फरियादी ने आरोपियों को फोन किया। आरोपियों के फोन बंद आए।

## फिर अनेक स्थानों पर चोरों ने बोला धावा

इंदौर। शहर में फिर अनेक स्थानों पर चोरों ने धावा बोला और नकदी व जेवरात सहित अन्य माल उड़ा लिया। जूनी इंदौर पुलिस ने बताया कि दिव्या कोटवानी निवासी सच्चिदानंद कालोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह परिवार के साथ बुधवार को बाहर गई थी। गुरुवार सुबह लौटी तो चोरी का पता चला। चोर उनके घर से जेवर और 50 हजार रुपए नकद ले गए। इसी प्रकार भंवरकुआ पुलिस को विनयमोहन पंडित निवासी शिवम कालोनी के घर से बदमाश सोने की दो चेन, दो चूडियां, अंगूठियां, चांदी की बिछिया, पायल, नेकलेस, 6 टॉप्स, कान के कश्मीरी टॉप्स चुरा ले गए। इसी दिन भंवरकुआ में व्यापारी के घर दिनदहाड़े चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाया था। उधर, लसूडिया पुलिस को संदेश सोलंकी निवासी स्कीम नंबर 78 ने बताया कि उसका लसूडिया मोरी में जगदीश आटोमेटिव प्रालि. वर्कशाप है। यहां शटर का ताला तोडकर बदमाश 5 आईपेड, मिक्सर ग्राइंडर, म्युजिक सिस्टम और नकदी लेकर रफूचक्कर हो गए।

## नाबालिग से छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। रावजी बाजार क्षेत्र के लुनियापुरा में 16 साल की नाबालिग से सरे राह छेड़छाड़ करने वाले आरोपी धर्मेंद्र सिंह चौहान के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। बालिका ने बताया कि वह बाहर निकली तो आरोपी पीछा करते हुए आया और हरकत करने लगा। बालिका ने विरोध किया तो बदमाश धमकियां देने लगा।

## दहेज के लिए सताया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। किशनगंज में एक महिला को उसके पति ने पीट दिया। पिंकी सिंह की शिकायत पर गोपाल सिंह गहलोत पिता हटेकसिंह, सास पवनबाई,देवर शंकर के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपियों ने दहेज के लिए मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताडित किया और जान से मारने की धमकी दी।

# अस्पताल में लेडी डॉक्टर पर भड़के विधायक

## ◆ लापरवाही मिली तो खैर नहीं, मरीज को इलाज नहीं मिलने पर आया गुस्सा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम। रतलाम के सैलाना से विधायक कमलेश्वर डोडियार ने सरकारी अस्पताल की महिला डॉक्टर को जमकर फटकार लगाई। वे शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैलाना पहुंचे। विधायक ने महिला डॉक्टर से कहा कि अगर आगे से लापरवाही मिली तो खैर नहीं रहेगी।**

तीन दिन में यह दूसरी बार है जब विधायक ने अपने तेवर दिखाए हैं। बुधवार को उन्होंने सैलाना नगर परिषद के अधिकारियों को हड़काते हुए कहा था, ह्ममुझसे राजनीति मत ही करना, उलझ जाओगे। कमलेश्वर को अपनी भाषा में काम करवाना आता है। डोडियार भारत आदिवासी पार्टी से पहली बार विधायक चुने गए हैं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैलाना में विधायक कमलेश्वर डोडियार को खामियां मिलीं। उन्होंने डॉ. प्राची पालीवाल को हिदायत दी कि अगली बार शिकायत का मौका नहीं मिलना चाहिए।

### एक्सीडेंट में घायल पौन घंटे तड़पा, विधायक पहुंचे अस्पताल

गुरवार को सैलाना के गोधूलिया हनुमान मंदिर के सामने दो बाइक टकरा गई थीं। हादसे में धामनोद निवासी नाथू घायल हो गया था। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। आरोप है कि यहां पर समय पर इलाज नहीं मिला। घायल करीब पौन घंटे तक तड़पता रहा। मौके से ड्यूटी डॉक्टर नदारद थे। एक महिला डॉक्टर थीं, लेकिन व्यस्त थीं।

मामला विधायक के संज्ञान में आया तो वे शुक्रवार को अस्पताल पहुंच गए। उन्होंने अस्पताल के सभी वार्ड में जाकर मरीजों से जानकारी ली। गंदगी मिलने पर नाराज हुए। अस्पताल के बाहर ऑटो में एक महिला का शव लेकर बैठे परिजन से पूछा कि डॉक्टर ने देखा कि नहीं? मरीज के परिजन ने बताया कि डॉक्टर ने ऑटो में ही देखा और मृत घोषित कर दिया। विधायक डोडियार ने महिला डॉक्टर डॉ. प्राची पालीवाल को हिदायत दी कि अगली बार शिकायत का मौका नहीं मिलना चाहिए।

### महिला सफाईकर्मियों को हटाए जाने पर पहुंचे थे परिषद

सैलाना नगर परिषद ने पांच महिला सफाईकर्मियों को हटा दिया था। विधायक को शिकायत मिलने पर वह नगर परिषद पहुंचे। अधिकारियों से सवाल - जवाब किए। विधायक ने पूछा, कर्मचारियों को किस कारण से हटाया है? वेतन भी क्यों नहीं दिया? मुझे जवाब चाहिए किसी को भी सताना मत कमलेश्वर को अपनी भाषा में काम करवाना आता है।

# प्रदेश में अब रातें सर्द

## उमरिया में टेम्प्रेचर 6.5 डिग्री

### राजगढ़ और पचमढ़ी में 8 डिग्री के नीचे आया; दिन में राहत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में अब रातें भी सर्द हो गई हैं। गुरुवार-शुक्रवार की रात तेज ठंड रही। खासकर राजगढ़, पचमढ़ी और उमरिया में टेम्प्रेचर 8 डिग्री के नीचे पहुंच गया है। उमरिया में शुक्रवार की रात को तापमान 6.5, पचमढ़ी में 7.2 डिग्री रहा। दिन के टेम्प्रेचर में जरूर मामूली बढ़ोतरी हुई है, लेकिन उत्तर से सर्द हवाएं आने से ठिठुरन बनी हुई है।**

गुरवार को कई शहरों में तापमान 28 डिग्री के नीचे ही रहा। पचमढ़ी-मलाजखंड में तो तापमान 22 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम वैज्ञानिक अशफाक हुसैन ने बताया कि उत्तर भारत में एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव है, लेकिन मध्यप्रदेश में इसका असर कम है। वहीं, बादल छंट गए हैं। उत्तर से सर्द हवाएं आ रही हैं। इस कारण दिन-रात के टेम्प्रेचर में गिरावट हुई है। अगले दो से तीन दिन तक ऐसा ही मौसम रहेगा। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के गुजरने के बाद तापमान में और भी गिरावट होगी।

### 11 शहरों में तापमान 26 डिग्री के नीचे

गुरवार को 11 शहरों में दिन का तापमान 26 डिग्री के नीचे रहा। बैतूल में 25 डिग्री, धार में 25.5 डिग्री, पचमढ़ी में 22 डिग्री, रायसेन में 24.4 डिग्री, छिंदवाड़ा में 25.6 डिग्री, खजुराहो में 25.6 डिग्री, नरसिंहपुर में 23 डिग्री, रीवा में 24.4 डिग्री, सीधी में 25.4 डिग्री और मलाजखंड में पारा 22 डिग्री रहा।

इसी तरह दमोह में 27.8 डिग्री, मंडला में 27.2 डिग्री, नौगांव में 27.8 डिग्री, सतना में 27 डिग्री, नर्मदापुरम में 28.4 डिग्री, खंडवा में 28.1 डिग्री, खरगोन में 27.4 डिग्री, रतलाम में 27.2 डिग्री, शिवपुरी में 26.2 डिग्री रहा।

### बड़े शहरों में इतना रहा दिन का तापमान

भोपाल में 27.8 डिग्री, इंदौर में 26.6 डिग्री, ग्वालियर में 27.4 डिग्री, उज्जैन में 27 डिग्री और जबलपुर में पारा 25.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

### इन शहरों में रातें सर्द

गुरवार-शुक्रवार की रात में उमरिया में तापमान 6.5 डिग्री रहा। राजगढ़ में 7.0 डिग्री, रायसेन में 9.4 डिग्री, पचमढ़ी में 7.2 डिग्री, ग्वालियर में 8.6 डिग्री, गुना में 9 डिग्री, दतिया में 9.0 डिग्री, भोपाल में 10.8 डिग्री, छिंदवाड़ा में 9.6 डिग्री, दमोह में 9.5 डिग्री, जबलपुर में 7.8 डिग्री, मंडला में 8.6 डिग्री, नौगांव 8.0 डिग्री, रीवा 8.5 डिग्री, सतना 9.8 डिग्री, सीधी 9.6 डिग्री और मलाजखंड में रात का टेम्प्रेचर 8.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# नर्मदापुरम में महिला अधिकारी पर पथराव

## माफिया ने ड्राइवर का सिर फोड़ा, 15 टांके आए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम में रेत खदानें शुरू होने के साथ रेत चोर और माफिया गुंडागर्दी पर उतर आए हैं। रेत से भरी ट्रॉली पकड़ने पर महिला नायब तहसीलदार और खनिज टीम पर पथराव कर दिया गया। माफिया ने प्राइवेट ड्राइवर का सिर फोड़ दिया। टीम को ट्रॉली छोड़कर जान बचाकर भागना पड़ा। घटना गुरवार देर शाम की है। शुक्रवार दोपहर महिला अधिकारी ने एफआइआर कराई है। नायब तहसीलदार कीर्ति प्रधान ने देहात थाने में आज दोपहर 3 बजे केस कराया। उन्होंने बताया कि गुरवार शाम 5.30 बजे वे जमीन का सीमांकन का काम पूरा कर लौट रही थीं। रास्ते में पांजरा गांव में रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जा रही थी। हमारी गाड़ी को आता देख ड्राइवर ने ट्रैक्टर से ट्रॉली को अलग किया और ट्रैक्टर लेकर भाग निकला।

रेत जब्त करने के लिए माइनिंग इंस्पेक्टर पिंकी चौहान, कृष्णा परस्ते को भी मौके पर बुला लिया। ट्रॉली ले जाने के लिए प्राइवेट ट्रैक्टर ड्राइवर छुट्टी गोस्वामी को भी बुलाया। वह अपने ट्रैक्टर से ट्रॉली को जोड़ रहा था, इतने में आरोपी सोनू निमोदा, मयंक निमोदा वहां आए। उन्होंने पथराव शुरू कर दिया। पत्थर लगने से छुट्टी का सिर फूट गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। उसे सिर में 15 टांके आए हैं। डॉक्टरों ने ब्रेन में सूजन बताई है।

### दो हफ्ते पहले माइनिंग कंपनी के वर्कर का सिर फोड़ा था

30 नवंबर को भी जिले में रेत माफिया की गुंडागर्दी का मामले सामने आया था। माइनिंग कंपनी सिल्वर मिस्ट रिटेल प्राइवेट लिमिटेड के कर्मचारी निखिल तिवारी का सिर फोड़ दिया गया था। माफिया ने उसे रॉड-डंडे से बुरी तरह पीटा था। कर्मचारी के सिर में आठ टांके आए थे। आरोपी तलवार और चाकू भी लिए हुए थे। नर्मदापुरम जिले की रेत खदानों का कॉन्ट्रैक्ट सिल्वर मिस्ट कंपनी को मिला है।निखिल तिवारी अमेठी (उत्तर प्रदेश) के रहने वाले हैं। हमले से उनके सिर में 8 टांके आए थे। वह बाबई रोड, निमसाडिया में रहते हैं। जावली खदान पर रेत लोडिंग का काम करते हैं।

# एकतरफा प्यार में युवती की गोली मारकर हत्या

## घर की ओर जा रही थी; युवक ने सिर में शूट कर दिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नरसिंहपुर। नरसिंहपुर के गोटेगांव में एक युवती की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। अब तक की पूछताछ में एकतरफा प्रेम में हत्या करने का मामला बताया है। घटना गुरवार देर रात सिंधी कॉलोनी में शीतल धर्मशाला के पास की है। पुलिस के मुताबिक काजल साहू (22) जबलपुर से काम कर गोटेगांव अपने घर लौट रही थी। रेलवे स्टेशन से निकलकर कुछ ही दूर पैदल चली थी कि देवेंद्र उर्फ डीके (23) नाम के युवक ने उसके सिर में गोली मार दी और फरार हो गया। लोगों ने काजल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।**



शुक्रवार सुबह युवती के परिजनों ने न्याय की मांग करते हुए चक्काजाम किया। उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन भी दिया। जाम करीब 6 घंटे तक चला। प्रशासन के आरोपी पर कार्रवाई के आश्वासन के बाद उन्होंने चक्काजाम खत्म किया।

### युवती का भाई बोला- आरोपी को फांसी की सजा मिले

युवती के भाई का कहना है कि आरोपी ने हमारी बहन की जान ली है, उसे फांसी की सजा दी जानी चाहिए। युवती की मां का कहना है कि आरोपी उनकी बेटी को दो साल से परेशान कर रहा था। बेटी ने कई बार शिकायत की थी। अब उससे जान ही ले ली।

### कई बार आरोपी को दी समझाइश

परिजनों ने बताया कि कई बार आरोपी को समझाइश भी दी कि वह युवती को परेशान न करे। कई बार मामूली नोकझोंक भी हुई। इसके बाद भी आरोपी युवती का पीछा नहीं छोड़ रहा था, लेकिन ज्यादा विवाद न होने के कारण पुलिस में कभी शिकायत नहीं की।

## मुथूट फाइनेंस के ऑफिस में सेंध

# दीवार तोड़कर घुसे दो नकाबपोश, सायरन बजते ही भागे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बीना। बीना के स्टेशन रोड पर भारत टॉकीज के पास स्थित मुथूट फाइनेंस में चोरी का प्रयास किया गया। बदमाशों ने उसकी दीवार तोड़ दी। दो नकाबपोश दीवार तोड़कर अंदर पहुंचे। सायरन बजते ही दोनों मौके पर सब्बल सहित दीवार तोड़ने में उपयोग किए गए औजार छोड़कर भाग गए।**

इस वारदात को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने पूरी रात बदमाशों की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने एफएसएल की टीम को बुलाकर घटना का निरीक्षण कराया। टीम में शामिल फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट ने नमूने कलेक्ट किए हैं।

### लॉकर तक पहुंचने से पहले ही सायरन बजा

बदमाशों ने इस बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए पूरी तैयार की थी। बीना के स्टेशन रोड स्थित भारत टॉकीज के बाजू में संचालित मुथूट फायनेंस की दीवार पीछे से तोड़कर वह अंदर तक पहुंचे। ऑफिस में रखे लॉकर तक पहुंचने से पहले ही सायरन बज गया। पकड़े जाने के डर से बदमाश मौके से भाग गए। सायरन बजने की सूचना पर थाना प्रभारी भरत सिंह सहित बड़ी संख्या पुलिस बल मौके पर पहुंच गया।

पुलिस ने मुथूट फायनेंस के अधिकारियों को बुलवाकर ताले खुलवाकर जांच पड़ताल की। इसमें पता चला कि बदमाशों ने चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देने की कोशिश की है। इसके चलते पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले। इसमें पता चला कि दीवार तोड़कर दो नकाबपोश अंदर दाखिल हुए थे, लेकिन सायरन बजते ही दोनों मौके से भाग गए।

Maharashtra

# गर्लफ्रेंड से पीछा छुड़ाना चाहता था सीनियर ब्यूरोक्रेट का बिगड़ैल बेटा, इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर प्रेमिका को कार से कुचल डाला

**मुंबई, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के एमएसआरडीसी के एमडी के बेटे अश्वजीत गायकवाड़ के खिलाफ बड़ा मामला सामने आया है. आरोप है कि अश्वजीत ने अपने साथियों के साथ मिलकर गर्लफ्रेंड को पीटा और उसे गाड़ी से कुचलकर मारने की कोशिश की. लड़की अस्पताल में भर्ती है. पुलिस के मुताबिक, अश्वजीत शादीशुदा था और उसने ये बात अपनी गर्लफ्रेंड से छिपाई थी. आरोप है कि 11 दिसंबर को प्रिया सिंह ने बॉयफ्रेंड अश्वजीत को पत्नी के साथ देख लिया. इसके बाद दोनों में बहस हुई. इस दौरान अश्वजीत और उसके तीन दोस्त रोमिल, प्रसाद पाटील और सागर शेल्के ने पहले प्रिया के साथ मारपीट की. इसके बाद गाड़ी से कुचलकर जान से मारने की कोशिश की.

जानकारी के अनुसार, मुंबई में रह रहीं 26 साल की प्रिया



सिंह इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर हैं. उनके लाखों फॉलोअर हैं. प्रिया सिंह महाराष्ट्र के एमएसआरडीसी के एमडी के बेटे अश्वजीत गायकवाड़ के साथ रिश्ते में थीं. प्रिया का आरोप है कि अश्वजीत पहले से शादीशुदा था, उसने ये बात मुझसे छिपाई थी. उसने मुझे पहले कभी इनसिक्योर फील नहीं कराया. वो मुझसे कहता था कि शादी मैं तुमसे ही करूंगा. मैं सेपरेट हूं. मेरा डिवोर्स हो चुका है.

इसके बाद जब 11 दिसंबर को अश्वजीत से मैंने बात की तो उसने बताया कि मैं एक दोस्त के साथ एक कार्यक्रम में हूं. प्रिया ने बताया कि इसके बाद मैं सोमवार सुबह करीब 4:30 बजे घोड़बंदर रोड पर एक होटल के पास पहुंच गई. वहां अश्वजीत पहले से ही अपनी पत्नी के साथ मौजूद था. उसने सोचा नहीं होगा कि मैं वहां अचानक पहुंच सकती हूं, इसी को लेकर वह हड़बड़ा गया. वहां मैंने उससे कुछ भी नहीं कहा. मैं वहां से निकलकर बाहर आ गई और जोर जोर से रोने लगी. मैं उससे बात करना चाहती थी. वह जब

Uttarpradesh

## 'जज साहब! बस इतना रहम कीजिए...' सजा से परेशान बाहुबली मुख्तार अंसारी ने अदालत में लगाई गुहार

**बांदा, (एजेंसी)** कभी पूर्वांचल से लेकर पूरे उत्तर प्रदेश में जिस बाहुबली की तूती बोलती थी आज उसी मुख्तार अंसारी की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश एमपी एमएलए सिविल जज (सीनियर डिविजन) उज्ज्वल उपाध्याय की कोर्ट ने मुख्तार को रूंगटा परिवार को धमकाने में मुख्तार अंसारी को दोषी पाया और से पांच साल छह माह की कैद के साथ 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा से दंडित किया। यह सजा सुनने के बाद बुरी तरह परेशान नजर आ रहे मुख्तार अंसारी ने जज से गुहार लगानी शुरू कर दी। अदालत ने जैसे ही सजा सुनाई मुख्तार अंसारी ने दोनों हाथों से माथे को पकड़ लिया और सिर झुकाकर बैठ गए। इसके बाद बाहुबली ने जज से गुहार लगाई, 'जज साहब इतना रहम कर दीजिए कि मेरी सभी सजाएं एक साथ चलें।' हालांकि अदालत ने जो फैसला सुनाया उसमें यही कहा है कि जेल में बिताई गई अवधि सजा की अवधि में मुख्तार की सजा में समायोजित की जाएगी। बता दें कि मुख्तार अंसारी के पुराने मामलों में अब लगातार फैसले आ रहे हैं।

New Delhi

# 'सीएए' देश में नागरिकता देने का कानून, यह जरूर लागू होगा-शाह

**दिल्ली, (एजेंसी)** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता अमित शाह ने एक मंच पर चर्चा के दौरान स्पष्ट कर दिया कि, सीएए नागरिकता लेने का नहीं, बल्कि देश में नागरिकता देने का कानून है और यह जरूर लागू होगा।

भारतीय राजनीति के चाणक्य शाह का मानना है कि, सीएए देश का कानून है और ये उन हिंदू भाई-बहनों सहित बाकी 6 धर्मों के मतावलंबियों को उनके साथ हुई धार्मिक प्रताड़नाओं से न्याय दिलाने का एक औजार है जो बंटवारे के बाद पाकिस्तान, बांग्लादेश और अन्य देशों में रह रहे थे। जन-जन के लोकप्रिय नेता शाह ने मंच पर चर्चा के दौरान स्पष्ट कर दिया



कि सीएए का इंप्लिमेंटेशन जरूर होगा। उन्होंने यह संकेत दिया कि उचित समय पर यह निश्चित रूप से लागू होगा। भारतीय राजनीति में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 2 ऐसे नेता हुए, जिन्होंने हमेशा खुद को पीछे रखकर देश को आगे बढ़ाने का नेतृत्व किया है। हाल ही में हुए मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत ने यह साबित कर दिया है कि 2024 में प्रचंड बहुमत से जीत के साथ एक बार फिर मोदी जी का प्रधानमंत्री बनना तय है। यह किसी से छुपा नहीं है कि पिछले 9 साल में दलितों, वंचितों और पिछड़ों को सम्मान देकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का काम भी युद्धस्तर पर चल रहा है। इस आधार पर यह तय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश में सीएए लाकर रहेगी।

खेल

# भारतीय टीम अंडर-19 एशिया कप से हुई बाहर, बांग्लादेश ने फाइनल में बनाई जगह

**नई दिल्ली, (एजेंसी) बांग्लादेश ने भारत को अंडर-19 एशिया कप 2023 के दूसरे सेमीफाइनल में 4 विकेट से हरा दिया है। दुबई के आईसीसी अकैडमी ग्राउंड में खेले गए मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 42.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 188 रन बनाए। इसके जवाब में बांग्लादेश ने अरिफुल इस्लाम के 94 रनों की बदौलत 43 गेंद शेष रहते मैच 4 विकेट से अपने नाम किया। बांग्लादेश ने फाइनल में जगह पक्की कर ली है, जहां उसका सामना यूएई से होगा, जिसने पहले सेमीफाइनल में पाकिस्तान को हराया।**

188 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की टीम की शुरुआत खराब रही। पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज जीशान आलम बिना खाता खोले आउट हो गए। छठे ओवर





में रिजवान 13 रन बनाकर पवेलियन लौटे। रहमान 7 के निजी स्कोर पर रन आउट हुए। अरिफुल और अमिन के बीच चौथे विकेट के लिए 138 रन की साझेदारी हुई। अरिफुल ने 94 और अमिन ने 44 रन बनाए। राज को दो और नमन को तीन विकेट मिला है।

भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 42.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 188 रन ही बना सकी है। भारत के लिए मुरूगन अभिषेक ने सर्वाधिक 62 रन बनाए। भारत के 6 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके, जिसमें दो खाता भी नहीं खोल सके। बांग्लादेश की ओर से मारुफ मृधा ने 4 विकेट चटकाए। इसके जवाब में खबर अपडेट किए जाने तक बांग्लादेश की टीम ने 25 ओवर में तीन विकेट खोकर 93 रन बना लिए हैं।

इससे पहले टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने अंडर-19 एशिया कप 2023 के दूसरे सेमीफाइनल में 7 ओवर के अंदर ही तीन विकेट गंवाए। आदर्श (2), अर्शिन कुलकर्णी (1) और उदय सहारन बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। इसके बाद भी भारत ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। सचिन धास 22 गेंद में 16 रन, प्रियांशु 45 गेंद में 20 रन और अवनीश बिना खाता खोले आउट हुए। मुरूगन अभिषेक और मुशीर खान के बीच सातवें विकेट के लिए 84 रन की साझेदारी हुई। अभिषेक 73 गेंद में 6 चौके और दो छक्के की मदद से 62 रन बनाए। मुशीर खान ने 62 गेंद में 50 रन बनाए। बांग्लादेश के लिए मारुफ मृधा ने 4, रोहानात 2, पवरेज 2 और रहमान ने एक विकेट लिए।

उदय सहारन के नेतृत्व वाली भारतीय टीम ने अंडर-19 एशिया कप 2023 के लीग स्टेज में तीन में दो मुकाबले जीते थे। पाकिस्तान ने भारत को हराया था, जबकि भारत ने अफगानिस्तान और नेपाल को मात दी थी।

सिनेमा

## निर्देशक प्रशांत नील को मिले 50 करोड़! जानें प्रभास-पृथ्वीराज और श्रुति हासन की भी फीस



22 दिसंबर को थिएटर्स में फिल्म 'सालार: पार्ट वन -सीजफायर' रिलीज होगी। फिल्म के लिए दर्शकों में अच्छा क्रेज देखने को मिल रहा है और इसके साथ ही साथ एडवांस बुकिंग पर भी शुरुआती आंकड़े अच्छे दिख रहे हैं। ट्रेड एनालिस्ट्स को भरोसा है कि फिल्म तगड़ी कमाई कर सकती है। 'सालार: पार्ट वन -सीजफायर', एक बड़े बजट की पैन इंडिया फिल्म है और ऐसे में इसके लिए एक्टर्स ने फीस भी काफी ली है। इस रिपोर्ट में जानें प्रभास, श्रुति हासन, पृथ्वीराज सुकुमारन, जगपति बाबू और निर्देशक प्रशांत नील की फीस। इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म 'सालार:पार्ट वन- सीजफायर' का बजट 400 करोड़ रुपये है। न्यूज 18 और जी न्यूज की एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म के लिए प्रभास को 100 करोड़ रुपये फीस मिली है। इसके साथ ही वो फिल्म के प्रॉफिट से 10 प्रतिशत हिस्सा भी लेंगे। बता दें कि सालार के बाद प्रभास दीपिका पादुकोण, कमल हासन और अमिताभ बच्चन के साथ फिल्म कल्कि 2898 एडी में नजर आएंगे। कल्कि भी बड़े बजट की पैन इंडिया फिल्म है। प्रभास के बाद अगर बात पृथ्वीराज सुकुमारन की करें तो फिल्म में उनका रोल छोटा है। जी न्यूज की एक रिपोर्ट के मुताबिक सालार के लिए पृथ्वीराज को 4 करोड़ रुपये मिले हैं। वहीं फिल्म में श्रुति हासन, प्रभास के अपोजिट नजर आएंगी और बताया जा रहा है कि उन्हें 8 करोड़ रुपये फीस मिली है। फिल्म में प्रभास, पृथ्वीराज और श्रुति के अलावा जगपति बाबू भी नजर आएंगे और रिपोर्ट के मुताबिक उन्हें इसके लिए 4 करोड़ रुपये फीस मिली है।

# संपादकीय

## इरादे नेक होने बहुत जरूरी

पिछले कुछ समय से दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल के बीच तनातनी के चलते अनेक कामों में बाधा आ रही है। ऐसे में सरकार के लिए यह एक सही रास्ता नजर आया होगा कि विधायक निधि में बढ़ोतरी करके लोगों में अधिक से अधिक काम के जरिए अपनी साख मजबूत की जा सकती है। मगर इसके लिए इरादे नेक होने बहुत जरूरी हैं। पहले ही उसकी कई योजनाएं अनियमितता के आरोपों से घिरी हुई हैं। विधायकों और सांसदों के लिए अलग से निधि की व्यवस्था करने से इसका लाभ भी नजर आया। मुहल्लों की टूटी सडकों, नालियों, पुलिया, पार्कों में व्यायाम-विश्राम के लिए कुछ बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने आदि में आसानी हो गई। इन कार्यों से लोगों में उत्साह के मद्देनजर और वक्त की बदलती जरूरतों के मुताबिक समय-समय पर सांसद और विधायक निधि में बढ़ोतरी भी की जाती है। अभी दिल्ली सरकार ने विधायक निधि की रकम चार करोड़ से बढ़ा कर सात करोड़ रुपए करने का फैसला किया है। माना जा रहा है कि इससे विधायक अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों का विस्तार कर सकेंगे। इस वित्तवर्ष में बढ़ी हुई राशि के केवल करीब आधे हिस्से यानी सौ करोड़ का आबंटन किया जाएगा। बाकी एक सौ बीस करोड़ रुपए अगले वित्तवर्ष में आबंटित किए जाएंगे। निश्चय ही विधायक निधि बढने से दिल्ली में कुछ बेहतर कामकाज की उम्मीद जगी है। मगर जबसे जन प्रतिनिधियों के लिए विकास निधि के आबंटन की व्यवस्था की गई, तभी से इसमें अनियमितताओं की शिकायतें भी मिलती रही हैं। सांसद, विधायक और पार्षद भी किन्हीं ठेकेदारों, एजंसियों, स्वयंसेवी संगठनों आदि की मदद से अपने इलाकों की समस्याओं, शिकायतों को दूर करने का प्रयास करते हैं। सब जानते हैं कि उनमें कमीशनखोरी चलती है। कई मामलों में अपने करीबी लोगों को उपकृत करने की कोशिशें भी देखी जा चुकी हैं। इसलिए लंबे समय से इस निधि के उपयोग में पारदर्शिता लाने की मांग की जाती रही है। आम आदमी पार्टी अपने कामकाज में ईमानदारी और पारदर्शिता का दावा करते नहीं थकती। मगर विधायक निधि के उपयोग में वह इस पैमाने पर कितनी खरी उतरती है, देखने की बात है। जनप्रतिनिधि अपने हिस्से की निधि का इस्तेमाल अक्सर अपना राजनीतिक जनाधार मजबूत करने के मकसद से भी करते देखे जाते हैं। वे अपने किए कामों पर अपने नाम की पट्टी चिपकाने और उनका ढिंढोरा पीटने से परहेज नहीं करते। आम आदमी पार्टी के विधायक भी इससे अलग नहीं माने जा सकते। कई मौकों पर देखा जा चुका है कि पार्कों में व्यायाम के लिए उपकरण लगाने का श्रेय लूटने को लेकर स्थानीय विधायक और सांसद में रस्साकशी हुई।

# भूखा राजा और गरीब किसान

दूसरे दिन दुकान का मालिक अनाज की चोरी की शिकायत लेकर राजा के पास पहुंचा। राजा ने दुकान के मालिक और उस गरीब किसान को अपनी सभा में प्रस्तुत होने का आदेश दिया। सबसे पहले सभा में पहुंचे किसान ने राजा के सामने जाकर अपनी चोरी का इल्जाम कबूल कर लिया और बीती हुई रात की पूरी बात राजा को बता दी। किसान राजा से कहता है कि मैंने चोरी की, लेकिन मेरे परिवार ने उस अनाज का एक निवाला भी नहीं खाया।



सालों पहले एक नगर का राजा अपने राज्य में रात को अपना रूप बदलकर घूमता था। वो रूप बदलने के बाद लोगों से मिलकर अपने यानी राजा के बारे में जानने की कोशिश करता और उनकी समस्याओं को समझता था। एक रात जब वह नगर घूमकर आया, तो अचानक जोर से बारिश होने लगी। उसने देर किए बिना एक गरीब के घर का दरवाजा खटखटाया।

राजा के दरवाजा खटखटाने के बाद घर से एक व्यक्ति निकला। वह एक गरीब किसान था, जो अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रहता था। बारिश तेज थी, तो किसान ने राजा को अंदर आने के लिए कहा। राजा ने घर में जाने के बाद पूछा, 'क्या आप मुझे कुछ खिला सकते हैं। मुझे बहुत तेज भूख लगी है।'

वो गरीब किसान और उसका परिवार 3 दिनों से भूखा था और उसके घर में एक भी दाना अन्न का नहीं था। किसान के मन में हुआ कि भले ही हम भूखे हैं, लेकिन अपने अतिथि को यूं भूखा नहीं रख सकते। अब किसान ये सोच-सोचकर बेचैन हो गया कि अपने अतिथि का पेट कैसे भरा जाए, तभी उसने घर के सामने वाली दुकान से चावल चुराने की तरकीब सोची। उसने सिर्फ अतिथि के लिए ही दो मुट्ठी चावल लिया और उसे पकाकर राजा को खिला दिया। तब तक बारिश रुक गई थी और राजा अपने घर चला गया।

दूसरे दिन दुकान का मालिक अनाज की चोरी की शिकायत लेकर राजा के पास पहुंचा। राजा ने दुकान के मालिक और उस गरीब किसान को अपनी सभा में प्रस्तुत होने का आदेश दिया। सबसे पहले सभा में पहुंचे किसान ने राजा के सामने जाकर अपनी चोरी का इल्जाम कबूल कर लिया और बीती हुई रात की पूरी बात राजा को बता दी। किसान राजा से कहता है कि मैंने चोरी की, लेकिन मेरे परिवार ने उस अनाज का एक निवाला भी नहीं खाया।

गरीब किसान की बातें सुनकर राजा बहुत दुखी हुआ और उसने किसान को बताया कि अतिथि के रूप में मैं स्वयं तुम्हारे घर आया था। इसके बाद राजा ने सभा में पहुंचे दुकानदार से पूछा कि क्या आपने अपने पड़ोसी को चोरी करते हुए देखा था। दुकानदार ने जवाब दिया कि हां मैंने इसे रात में चोरी करते हुए देखा था।

दुकानदार की बात सुनने के बाद राजा कहता है कि इस चोरी के लिए मैं पहले जिम्मेदार हूं और फिर दूसरा तुम हो, क्योंकि तुमने अपने पड़ोसी को अनाज की चोरी करते हुए देखा। मगर कभी उसके भूखे परिवार को नहीं देखा। तुम अपने पड़ोसी होने का धर्म बिल्कुल निभा नहीं पाए। इतना कहने के बाद राजा ने दुकानदार को सभा से जाने के लिए कह दिया और किसान की अथिति निष्ठा भाव को देखकर उसे एक हजार सोने के सिक्के इनाम के रूप में दे दिया।

### कहानी से सीख

अगर कोई आस पास रहने वाले मुसीबत में है, तो हमें उनकी मदद करनी चाहिए।

---

हर किसी की जिंदगी में ऐसा पल जरूर आता है जब उसे किसी-न-किसी वजह से डर लगने लगता है। इस डर का सामना करने के लिए जानना जरूरी है स्वामी विवेकानंद का एक किस्सा।

**स्वामी विवेकानंद की प्रेरक कहानी**

# डर का सामना



एक दिन की बात है स्वामी विवेकानंद मंदिर में दर्शन करने के बाद प्रसाद लेकर बाहर निकले। कुछ देर आगे चलने के बाद स्वामी के घर के रास्ते में उन्हें कुछ बंदरों ने घेर लिया। स्वामी थोड़ा आगे बढ़ते और वो बंदर उन्हें काटने को आते। काफी देर तक स्वामी विवेकानंद ने आगे जाने की कोशिश की, लेकिन वो ऐसा कर न पाए। आखिर में स्वामी विवेकानंद वहां से वापस मंदिर की ओर लौटने लगे। उनके हाथ से प्रसाद की थैली को छीनने के लिए बंदरों की टोली भी उनके पीछे भागने लगी। स्वामी डर गए और वो भी डर के मारे दौड़ने लगे। दूर से मंदिर के पास बैठा एक बूढ़ा सन्यासी सब कुछ देख रहा था। उसने स्वामी को भागने से रोका और कहा, "बंदरों से डरने की जरूरत नहीं है। तुम इस डर का सामना करो और फिर देखो क्या होता है।"

स्वामी विवेकानंद संन्यासी की बात सुनकर वहां ठहरे और बंदरों की तरफ मुड़ गए। अपनी तरफ तेजी से बंदरों का आता देखकर स्वामी भी उनकी तरफ उतनी ही तेजी से बढ़ने लगे। बंदरों ने जैसे ही स्वामी विवेकानंद को अपनी तरफ आता देखा, तो वो डरकर भागने लग गए। अब बंदर आगे-आगे भाग रहे थे और स्वामी जी बंदरों के पीछे-पीछे। कुछ ही देर में सभी बंदर उनके रास्ते से हट गए।

इस तरह स्वामी विवेकानंद ने अपने डर पर जीत हासिल की। फिर वो लौटकर उसी संन्यासी के पास गए और उनको इतनी बड़ी बात सिखाने के लिए धन्यवाद कहा।

### कहानी से सीख

कोई भी चीज डर का कारण तब तक बनी रहती है, जब तक हम उससे डरते हैं। इसी वजह से डर से डरने की जगह उसका सामना करना चाहिए। ऐसा करने से डर भाग जाता है।

## Highlights

1. TN IPS officer Balveer Singh gets bail in custodial torture case
2. Day After Task Force Advisory, Female Fetus Found In Trash
3. Cabinet approves declaration of Surat Airport as int'l airport
4. Students who snatched HC judge's car to take 'dying' V-C to hospital denied bail in MP

# Dec 31 last date to file belated ITRs for FY 2022-23. Is there a penalty for delayed returns?

**NEW DEIHI, (Agency).** Those who missed the July 31 deadline to file income tax returns (ITRs) for FY 2022-23 (AY 2023-24) must file a belated ITR by December 31, which is also the last date to submit a revised ITR for the same period.

A revised return is one that is filed after correcting mistakes, if any, in the original one.

How to file a belated ITR?

The steps are the same as those for the original ITR: taxpayers must log in to their account on the income tax e-filing portal to begin the process.

While submitting a belated return, people must remember the following points: there is no separate ITR form for such an ITR; in the form, it must be filed under Section 139(4) of the Income Tax Act, 1961; and, for a financial year, the IT department notifies the form every April, with this being done to incorporate changes made to the Income Tax Act.




Is there a penalty for a belated ITR? A penalty of ₹5000 is levied for this. However, for small taxpayers whose total annual income is ₹5 lakh or less, the penalty is just ₹1000. Also, for a pending tax payment, a penal interest of 1% is applicable on the tax due.

How to file a revised ITR?

The steps are the same as for the other two. In the form, it must be submitted under Section 139(5) of the Income Tax Act, and there is no penalty for such a return, as the original ITR was filed on time.

What if the December 31 deadline is missed?

Individuals still have an opportunity to file their belated ITR through what is known as filing of updated returns (ITR-U). This, however, can be done only after the relevant assessment year ends. For example, if a person misses the deadline of December 31, 2023 (AY 2023-24), the ITR-U can be submitted from April 1, 2024.

# Are banks closed today due to five-day workweek change? Check here

**NEW DEIHI, (Agency)** Public sector banks in India typically do not operate on Saturdays, creating uncertainty for customers planning visits. Recent speculation about a potential shift to a five-day workweek adds to the confusion. So, are the bank open today? Here we clear your confusion so that you avoid potential inconveniences during your bank visits. There has been




no official confirmation of change in working structure of banks to a five-day week. As of now, banks adhere to the traditional schedule, observing holidays on the second and fourth Saturdays, in addition to Sundays. Thus, banks will remain open on this Saturday. India's banking sector has formally sent proposal to finance ministry declaring all Saturdays as official holidays.

Addressing inquiries regarding the Indian Banks Association (IBA) advocating for a five-day work week, minister of state for finance Bhagwat Karad in parliament confirmed the IBA's submission of the proposal. But there is yet to be any confirmation on its acceptance.

When are banks closed?

Currently, bank employees have days off on Sundays and the second and fourth Saturdays, with additional holidays on festivals determined by the Reserve Bank of India (RBI). However, online services continue to operate even on holidays.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।

■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।

इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक